किया है । हिसाब-किताब की अब तक की गयी छान-बीन से पता चला है कि मैसर्स ओरियन्टल टिम्बर ट्रेडिंग कारपोरेशन, के बही खातों में अप्रैल, 1964 में मैसर्स जे० पी० एण्ड सन्स से 96,254 रुपये के माल की खरीद दर्ज है । ये खरीददारियां कर-निर्धारण वर्ष 1965–66 के अन्तर्गत आती हैं, जिसके कर-निर्धारण की कार्यवाही अभी चल रही है ।

(ग) आशा है कि छान-बीन दिसम्बर, 1967 के अन्त तक पूरी हो जायेगी ।

मैसर्स ओरियंटल टिम्बर, ट्रेडिंग कारपोरेशन द्वारा देय आयकर का निर्धारण

4784. श्री राम गोपाल शालवाले :
श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री रघुवीर सिंह शास्त्री :
श्री शिवकुमार शास्त्री :
श्री जगन्नाथ राव जोशी :

क्या वित्त मंत्री 24 नवम्बर, 1966 के अतारांकित प्रश्न संख्या 2342 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या मैसर्स ओरियन्टल टिम्बर ट्रेडिंग कारपोरेशन द्वारा एक दूसरी कम्पनी के साथ साझीदार बन कर हैवी इजीनियरिंग कारपोरेशन, राची और हिन्दुस्तान फोटो फिल्म्स, कारपोरेशन, उटकमड से लिये गये 1.7 करोड़ रुपये के ठेके के सम्बन्ध में उस पर 1963–64 से लेकर आज तक के आयकर निर्धारण के मामले के बारे में इस बीच जांच पूरी हो गई है,

(ख) यदि हां, तो उस का ब्योरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इस के क्या कारण हैं और जांच कब तक पूरी हो जायेगी ?

उप-प्रधान मंत्री तथा वित्त मंत्री (श्री मोरारजी देसाई) : (क) जी, नहीं ।

(ख) सवाल ही नहीं उठता ।

(ग) विस्तृत तथा सूक्ष्म जांच-पड़ताल की आवश्यकता होती है जिसमें समय लगता है ।

मैसर्स ओरियंटल टिम्बर ट्रेडिंग कारपोरेशन तथा मैसर्स मेकेंजीज लिमिटेड, बम्बई

4785. श्री राम गोपाल शालवाले :
श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री रघुवीर सिंह शास्त्री :
श्री शिवकुमार शास्त्री :
श्री जगन्नाथ राव जोशी :

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मैसर्स ओरियंटल टिम्बर ट्रेडिंग कारपोरेशन तथा मैसर्स मैकेंजीज लिमिटेड बम्बई, के साझेदारी के खातो की बिल्कुल आरम्भ से लेकर अब तक लेखा-परीक्षा नही की गई है जब कि ये दोनो लिमिटेड फर्में हैं तथा इस आशय का संकेत वर्ष 1965–66 के लिये मैसर्स मैकेंजीज लिमिटेड के सतुलन-पत्र में भी मिलता है,

(ख) क्या सरकार ने इस मामले की जाच की है, और

(ग) यदि नही, तो इस के बारे में सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

उप-प्रधान मंत्री तथा वित्त मंत्री (श्री मोरारजी देसाई): (क) मैसर्स मैकेनीज लिमिटेड तथा मैसर्स ओरियंटल टिम्बर ट्रेडिंग प्राइवेट लिमिटेड की संयुक्त व्यापार साझेदारी के हिसाब-किताब की लेखा-परीक्षा नही की गई है । कम्पनी कानून के अधीन, संयुक्त व्यापार साझेदारी के हिसाब-किताब की